सहमति ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

यह सहमति ज्ञापन (Memorandum of Understanding) आज दिनांक: 07 अगस्त 2023 को निम्नवत-

प्रथम पक्ष - राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खुसरो बाग, रामपुर

द्वारा, प्रोफेसर (डॉ) दीपा अग्रवाल, प्राचार्य

एवं

द्वितीय पक्ष - दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली, बदायूँ, उत्तर प्रदेश

द्वारा, प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य

के बीच पारस्परिक सहयोग की भावना से दर्ज किया जाता है जहां उपरोक्त दोनों पक्ष **महात्मा ज्योतिवा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली** से संबंध उत्तर प्रदेश शासन की राजकीय शिक्षण संस्थाएं हैं तथा जो निम्न बिंदुओं के अनुसार सहमत हैं कि-

1. दोनों पक्ष एक दूसरे के परिसर में उपलब्ध भौतिक सुविधाएं, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं का प्रयोग शिक्षा एवं शिक्षार्थियों के हित में कर सकेंगे।
2. दोनों पक्ष आवश्यकता अनुसार शैक्षिक, सहशैक्षिक, शिक्षणेत्तर एवं शोध कार्यों में पारस्परिक सहयोग करेंगे।
3. दोनों पक्ष एक दूसरे के बौद्धिक संपदा के अधिकार (intellectual property right) का सम्मान करेंगे।
4. दोनों पक्षों के आंतरिक Internal Quality Assurance Cell (IQAC) अपने समन्वयको के माध्यम से पारस्परिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु समन्वय रखेंगे।
5. यह पारस्परिक सहमति ज्ञापन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों (प्राचार्य) द्वारा हस्ताक्षरित करने की तिथि से पाँच वर्षों (05) के लिए प्रभावी होगा तथा दोनों पक्षों की लिखित सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।
6. सहमति ज्ञापन को समाप्त करने के लिए कोई भी एक पक्ष दूसरे पक्ष को ज्ञापन समाप्त करने की तिथि से 06 माह पहले सूचित करेगा। ज्ञापन समाप्त करने से पूर्व तत्समय जारी गतिविधियों को पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

दिनांक 07 अगस्त 2023 को दो प्रतियो में तैयार कर हस्ताक्षरित किया-

वास्ते प्रथम पक्ष,

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर

प्रोफेसर (डॉ) दीपा अग्रवाल

प्राचार्य

Govt. Raza P.G. College
Principal
Rampur (U.P.)

वास्ते द्वितीय पक्ष,

दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली, बदायूँ,

प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार वार्ष्णेय

प्राचार्य

द०रा०आ०राजकीय महाविद्यालय
बिसौली, बदायूँ

Scanned with OKEN Scanner